उत्तर पुस्तिका अथवा अनुपूरक शीट के प्रथम पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर ही अनुक्रमांक अंकित करें। उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी स्थान पर अपना नाम या अनुक्रमांक अथवा कोई क्रमांक या पहचान का कोई निशान अंकित करना जिससे कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अन्य उत्तर पुस्तिकाओं से अलग पहचाना जा सके, सर्वथा प्रतिषिद्ध है और अन्य आधारों के अतिरिक्त, उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किये जाने का आधार होगा।

3. Writing of all answers must be clear & legible. If the writing of Answer Book written by any candidate is not clear or is illegible in view of Valuer/Valuers then the valuation of such Answer Book may not be done.
सभी उत्तरों की लिखावट स्पष्ट और पठनीय होना आवश्यक है। किसी परीक्षार्थी के द्वारा लिखी गई उत्तर–पुस्तिका की लिखावट यदि मूल्यांकनकर्त्ता/मूल्यांकनकर्त्तागण के मत में अस्पष्ट या अपठनीय होगी तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

P.T.O.

Q.No./ प्र.क्र.	Question / प्रश्न	Marks/ अंक

SETTLEMENT OF ISSUES
विवाद्यकों का स्थिरीकरण

Q.1 Settle the issues on the basis of the pleadings given here under - **10**

PLAINTIFF'S PLEADINGS :- Plaintiff's Case is that he entered into an agreement with the defendant to purchase a plot measuring 40 x 20 = 800 Sq feet situated at village A for consideration of Rs. 25,000/- (Twenty Five Thousand) on 8th November 2007.The plot is surrounded by main road in the North, by a lane in the South, by house of "C" in the East, and by house of "D" in the West. The defendant was in possession and title-holder of the said plot. The defendant received sum of Rs. 5,000 /- (Five Thousand) as an advance and executed an agreement on 8-11-2007 in presence of witnesses. It was agreed upon that the defendant would execute a registered sale deed by 8-1-2008 after receiving balance consideration of Rs. 20,000/- (Twenty Thousand) from plaintiff.

The defendant did not execute the sale deed till 8-1-2008 and did not get the plot measured. Plaintiff served a notice dated 26-1-2008 on the defendant for execution of registered sale deed after measurement of the plot, but the defendant failed to perform his part of the contract. The defendant has tried to grab the amount of consideration paid by the plaintiff. Thus the suit for specific performance of contract valued at Rs. 20,000/- (Twenty Thousand) was filed.

WRITTEN STATEMENT :- The defendant denied the case of plaintiff on the ground that there was no condition for measurement of disputed plot prior to execution of registered sale

deed, as the plot was already measured and details were given in agreement dated 8-11-2007. Defendant's contention is that he was present at Registrar's office on 8-1-2008 along with his documents of title. Defendant had already given notice to the plaintiff, to remain present before Registrar's office, prior to 8-1-2008 but the plaintiff did not appear before Registrar on 8-1-2008. He also did not pay the balance amount of consideration. Thus the defendant has performed his part of the contract. The allegation regarding defendant's intention, to grab advance money, paid to him by the plaintiff is false. Plaintiff has under valued the suit as the agreement was for a consideration of Rs. 25,000 (Twenty Five Thousand). The suit is liable to be dismissed with cost.

निम्नलिखित अभिवचनों के आधार पर विवाद्यक विरचित कीजिये।

वादी के अभिवचन – **वादी का मामला यह है कि उसने 8 नवम्बर, 2007 को 25,000 (पच्चीस हजार रूपये)** के प्रतिफल के लिये ग्राम 'अ' में अवस्थित 40 x 20 = 800 वर्ग फीट अधिमाप के भू खण्ड का क्रय करने के लिये प्रतिवादी के साथ करार किया था। वह भू खण्ड उत्तर में प्रमुख मार्ग द्वारा, दक्षिण में गली द्वारा, पूर्व में 'स' के गृह द्वारा और पश्चिम में 'द' के गृह द्वारा घिरा हुआ है। प्रतिवादी उस भूखण्ड के कब्जे में था और उसका हकदार था। प्रतिवादी ने बतौर अग्रिम 5000 (पांच हजार) रूपये प्राप्त किये थे और साक्षियों की उपस्थिति में 8.11.2007 को करार निष्पादित किया था । यह तय पाया गया था कि प्रतिवादी, वादी से 20,000 (बीस हजार रूपये) के शेष प्रतिफल को प्राप्त करने के पश्चात 8.1.2008 तक पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन करेगा।

प्रतिवादी ने 8.1.2008 तक विक्रय विलेख का निष्पादन नहीं किया और उसने भूखण्ड की नप्ती नहीं करायी । वादी ने भूखण्ड की नप्ती के पश्चात पंजीकृत विक्रय विलेख के निष्पादन हेतु प्रतिवादी को 26.1.2008 को नोटिस तामील की थी लेकिन प्रतिवादी संविदा के अपने भाग का पालन करने में विफल रहा। प्रतिवादी ने वादी द्वारा संदत्त प्रतिफल की धनराशि को हथियाने का प्रयास किया है। इस प्रकार 20,000 (बीस हजार रूपये) का मूल्यांकन कर संविदा के विर्निदिष्ट पालन का वाद दाखिल किया ।

प्रतिवादी के अभिवचन – प्रतिवादी ने वादी के मामले से इस आधार पर प्रत्याख्यान किया कि पंजीकृत विक्रय विलेख के निष्पादन के पूर्व विवादित भूखण्ड के अधिमाप की कोई शर्त नहीं थी क्योंकि भूखण्ड की पहले से ही नप्ती हो चुकी थी और दिनांक 8.11.2007 के करार में ब्यौरा दिया गया था। प्रतिवादी का यह कहना है कि वह हक के अपने दस्तावेजों के साथ 8.1.2008 को उप पंजीयक के कार्यालय में उपस्थित हुआ था। प्रतिवादी पहले ही, वादी को 8.1.2008 के पूर्व, उप पंजीयक के कार्यालय में उपस्थित होने के लिये सूचना दे चुका था लेकिन वादी 8.1.2008 को उप पंजीयक के समक्ष उपसंजात नहीं हुआ। उसने प्रतिफल की शेष राशि भी संदाय नहीं की। इस प्रकार, प्रतिवादी ने संविदा के अपने भाग का पालन किया है। प्रतिवादी के वादी द्वारा उसे संदत्त अग्रिम धन को, हथियाने के आशय के, सम्बन्धित अभिकथन मिथ्या है। वादी ने वाद का अवमूल्यन किया है क्योंकि 25,000 (पच्चीस हजार रूपये) के प्रतिफल हेतु करार हुआ था । वाद सव्यय निरस्त किये जाने योग्य है।

FRAMING OF CHARGES
आरोपों की विरचना

Q. 2 Frame a charge/charges on the basis of allegations given here under.- **10**

PROSECUTION CASE / ALLEGATIONS –

The prosecution case in brief is that complainant 'C', a bank manager, on date 26/01/2021 submitted a written application at city Kotwali Bhopal in which it was mentioned that on 25/01/2021, at about 7:00 PM in the evening, when he was coming back from his office, suddenly accused 'A' and 'B' because of previous enmity with 'C' came to beat him with lathis. Accused 'B' asked 'A' to beat 'C' with Lathi. However, on B's instigation, 'A' slapped 'C' and also assaulted him with lathi, because of which 'C' sustained two injuries. In the medical examination, one fracture was found over his left hand, and another simple injury was also found over the face of the complainant.

निम्नलिखित अभिकथनों के आधार पर आरोप विरचित कीजिये –

अभियोजन का प्रकरण/अभिकथन :–

अभियोजन का मामला संक्षेप में यह है, कि फरियादी 'सी', बैंक मेनेजर, ने दिनांक 26.01.2021 को सिटी कोतवाली भोपाल में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें यह उल्लेख किया गया था, कि दिनांक 25.01.2021 को सायं 7:00 बजे के करीब जब वह अपने कार्यालय से वापस लौट रहा था, तभी वहां अचानक अभियुक्त 'ए' एवं 'बी' पुरानी बुराई के चलते फरियादी 'सी' को लाठी से मारने आये थे। अभियुक्त 'बी' ने 'ए' को लाठी से 'सी' को मारने के लिये कहा। तथापि, 'बी' के उकसाने पर 'ए' ने 'सी' को थप्पड़ मार दिया और लाठी से भी प्रहार किया, जिसके कारण 'सी' को दो चोटें आई। मेडिकल परीक्षण में उस के बायें हाथ में एक अस्थिभंग पाया गया तथा फरियादी के चेहरे पर एक साधारण चोट भी पाई गई।

JUDGMENT/ORDER (CIVIL) WRITING (CJ-II)
निर्णय/आदेश (सिविल) लेखन (CJ-II)

Q. 3 Write a judgment on the basis of pleadings and evidence given hereunder after framing necessary issues and analyzing the evidence, keeping in mind the provisions of relevant Law/Acts :- 40

Plaintiff's Pleadings **:-**

1. Plaintiff 'P' have filed a suit for declaration of ownership and also for the recovery of possession of the land bearing survey no 1011, area 8 acres, situated in village Bareli, District Raisen, M.P (hereinafter referred to as the "suit property") against his cousin brother Defendant 'D'.

2. According to plaintiff's, suit property is the ancestral property of his father 'F'. Late 'F', his father was the owner as well as possession holder of the suit property. After the death of Plaintiff's father in year 2011, Plaintiff being the only legal heir of the deceased 'F', became the owner of the suit property. But defendant 'D' in collusion with revenue officers, with intention to usurp the suit property, got mutated his name over the suit property through a forged Will and dispossessed the plaintiff forcefully.

3. That the cause of action arose when the plaintiff got to

know about the mutation proceedings during Diwali festival on 25-11-2011 and also when defendant dispossessed plaintiff from the suit property on 20-12-2011. Therefore, plaintiff had to file this civil suit for declaration of title with consequential relief for recovery of possession against the Defendant. The Government of M.P. through Collector is also made a defendant, but no relief has been sought against this Defendant.

Defendant's Pleadings :-

1. As per Written statement of the defendant, Plaintiff is not the owner of suit property. The suit property was the self acquired property of his uncle (plaintiff's father) and the uncle had bequeathed the land to him through a registered will, being happy with his services to him in his last days. On the basis of said registered will dated 01-09-2010, he got his name mutated in the records of suit property.

2. Plaintiff never stayed with his father, nor had provided him any help or cared for him in his life time. Plaintiff has no right over the suit property, whereas he has a registered will in his favour.

3. Also the suit is hopelessly time barred as Suit is filed in the year 2016.

Plaintiff's Evidence :-

1. Plaintiff examined himself and one more witness 'W'. Plaintiff substantially reiterated his pleadings in his statement. He also added that the defendant having misused the trust of his father, got fabricated a forged will in his favour by getting his father's signature on a blank paper. It is also averred that at the time of execution of said will, his father was not in a fit state of mind.

2. Witness 'W' supported plaintiff's contention that 'F' was not in a fit state of mind in his last time. Plaintiff is the sole legal heir

of the deceased 'F'. However, the plaintiff failed to produce any documentary evidence in support of his father's ill health and as to the source of the suit property.

Defendant's Evidence :-

1. The defendant, in his statement, supported the facts pleaded in written statement. He also supported the execution of Registered will in his favour by his uncle 'F' and further stated that the state of mind of 'F' was fit at the time of execution of will.

2. The defendant also produced one more witness 'W2' who supported defendant's pleading that defendant is in possession of the suit property since 2011. However, this witness kept silent regarding execution of Will. The defendant produced documentary evidence from Ex D1 to D5 regarding the suit property, showing that the said land was purchased by 'F' from his own earnings. The defendant has produced Registered will Ex D6 in his support.

***Arguments Plaintiff* :-**

The plaintiff argued that the will is not proved. He is the owner of the suit property being the only successor.

Arguments Defendant :-

The defendant argued that he is the owner of the suit property on the basis of the will & the suit is time barred.

निम्नलिखित अभिवचनों के आधार पर विवाद्यक विरचित कीजिये एवं साक्ष्य का विवेचन करते हुए संबंधित विधि/अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिखिये –

वादी के अभिवचन :–

1. वादी 'पी' द्वारा ग्राम बरेली, जिला रायसेन (म0प्र0) स्थित् भूमि सर्वे क्रमांक–1011 क्षेत्रफल 8 एकड़ (एतद् पश्चात् वादग्रस्त भूमि के रूप में उल्लेखित) के संबंध में स्वत्व घोषणा एवं कब्जा वापसी का वाद अपने चचेरे भाई प्रतिवादी 'डी' के विरूद्ध प्रस्तुत किया है।

2. वादी के अनुसार वादग्रस्त भूमि उसके पिता 'एफ' की पैतृक भूमि है। उसके पिता स्वर्गीय 'एफ' वादग्रस्त संपत्ति के स्वामी एवं आधिपत्यधारी थे। वादी के पिता की 2011 में मृत्यु होने पर वादी उनका एकमात्र विधिक उत्तराधिकारी होने के कारण वादग्रस्त भूमि का स्वामी हो गया। परन्तु प्रतिवादी 'डी' ने राजस्व अधिकारियों से साठ–गांठ कर वादग्रस्त भूमि हड़पने के उद्देश्य से एक फर्जी वसीयतनामे के आधार पर वादग्रस्त भूमि पर अपना नाम नामांतरित करवा लिया है तथा वादी को कब्जे से जबरन बेदखल कर दिया है।

3. यह कि, वाद कारण उस समय उत्पन्न हुआ, जब दीपावली त्यौहार के दौरान दिनांक 25.11.2011 को वादी को नामांतरण कार्यवाही के संबंध में जानकारी हुई और उस समय भी उत्पन्न हुआ, जब प्रतिवादी ने वादी को वादग्रस्त भूमि से दिनांक 20. 12.2011 को बेदखल कर दिया। अतः वादी को कब्जा वापसी के पारिणामिक अनुतोष के साथ स्वत्व घोषणा का यह व्यवहारवाद प्रतिवादी के विरूद्ध प्रस्तुत करना पड़ा। शासन मध्य प्रदेश द्वारा कलेक्टर को भी प्रतिवादी बनाया गया है, यद्यपि इस प्रतिवादी के विरूद्ध कोई अनुतोष नहीं चाहा गया है।

प्रतिवादी के अभिवचन :–

1. प्रतिवादी के लिखित कथन के अनुसार वादी वादग्रस्त भूमि का स्वामी नहीं है। वादग्रस्त भूमि उसके चाचा (वादी के पिता) की स्वर्जित संपत्ति है तथा उसके चाचा ने उसके द्वारा की गई सेवाओं से प्रसन्न होकर अपने अन्तिम समय में इस संपत्ति को पंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से उसके पक्ष में वसीयत कर दी थी। उक्त पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 01.09.2010 के आधार पर उसने वादग्रस्त भूमि के अभिलेख में अपने नाम से नामांतरण कराया है।

2. वादी कभी–भी अपने पिता के साथ नहीं रहा, न ही उनके जीवनकाल में उनकी कोई सेवा की या उन्हें कोई सहायता प्रदान की। वादी का वादग्रस्त भूमि पर कोई अधिकार नहीं है। जबकि उसके पास उसके पक्ष में रजिस्टर्ड वसीयतनामा है।

3. इसके अतिरिक्त यह वाद वर्ष 2016 में पेश होने से निराशाजनक रूप से समय बाधित है।

वादी की साक्ष्य :–

1. वादी ने स्वयं का एवं एक अन्य साक्षी 'डब्ल्यू' का परीक्षण कराया है। वादी ने अपने अभिवचनों की पुनरावृत्ति अपने कथन में की है। उसने यह भी कहा है, कि प्रतिवादी ने उसके पिता के विश्वास का दुरूपयोग कर उसके पिता से खाली कागज पर हस्ताक्षर लेकर अपने पक्ष में एक कूटरचित वसीयतनामा तैयार किया है। इसके अतिरिक्त वादी का यह भी अभिकथन है, कि वसीयत के निष्पादन के समय उसके पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

2. साक्षी डब्ल्यू ने वादी के इस कथानक का समर्थन किया है, कि 'एफ' अपने अन्तिम समय में मस्तिष्क की उपयुक्त अवस्था में नहीं थे। वादी अपने मृत पिता का एकमात्र उत्तराधिकारी है। तथापि, वादी अपने पिता के बुरे स्वास्थ्य के संबंध में एवं संपत्ति के स्त्रोत के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा है।

प्रतिवादी की साक्ष्य :–

1. प्रतिवादी ने अपने कथन में जवाबदावे में अभिवचनित तथ्यों का समर्थन किया है। उसने अपने चाचा 'एफ' द्वारा उसके पक्ष में निष्पादित रजिस्टर्ड वसीयत का समर्थन किया है तथा आगे यह भी व्यक्त किया है, कि वसीयत के निष्पादन के समय 'एफ' का मस्तिष्क ठीक अवस्था में था।

2. प्रतिवादी द्वारा भी एक अन्य साक्षी 'डब्ल्यू–2' को प्रस्तुत किया गया है, जो प्रतिवादी के इस अभिवचन का समर्थन करता है, कि प्रतिवादी वादग्रस्त संपत्ति पर वर्ष 2011 से कब्जे में है। तथापि, यह साक्षी वसीयत के निष्पादन के संबंध में मौन रहा है। प्रतिवादी ने प्रदर्श डी–1 लगायत डी–5 की दस्तावेजी साक्ष्य इस संबंध में प्रस्तुत की है, जिससे यह प्रकट होता है, कि कथित भूमि 'एफ' द्वारा अपने स्वयं की आय से खरीदी गई थी। प्रतिवादी ने रजिस्टर्ड वसीयतनामा प्रदर्श डी–6 अपने समर्थन में प्रस्तुत किया है।

तर्क वादी :–

वादी ने तर्क किया कि वसीयतनामा विधि अनुसार प्रमाणित नहीं है तथा वह एकल उत्तराधिकारी होने के कारण वादग्रस्त भूमि का स्वामी है।

तर्क प्रतिवादी :–

प्रतिवादी का तर्क है कि वह वसीयतनामे के आधार पर वादग्रस्त भूमि का स्वामी है एवं वाद अवधि बाधित है।

JUDGMENT/ORDER (CRIMINAL) WRITING (JMFC)
निर्णय/आदेश (दांडिक) लेखन (JMFC)

Q. 4 Frame the charge and write a judgment on the basis of the allegations and evidence given hereunder by analyzing the evidence, keeping in mind the relevant provisions on the concerning law. **40**

Prosecution Case

On 04-12-2020 in the morning at or about 08:00 AM informant 'B' lodged a first information report with police station

city kotwali Rewa to the effect that he resides in village khaurkoti within thana city kotwali Rewa. On 30-11-2020 in the evening at or about 07:00 PM while he was resting in his drawing room just after he came from office suddenly accused A1 and A2 because of his open drainage towards their plot started to abuse 'B'. When 'B' went out to see what is happening outside A1 and A2 chased 'B' with Lathi inside the house and assaulted 'B' because of which 'B' sustained bleeding injuries over head and on right arm. When 'W', wife of 'B', tried to save 'B', accused A1 and A2 also gave Lathi blows to 'W', who sustained bleeding injuries over left arm and right leg. When other family members of 'B' and neighbours came and shouted to save 'B' and 'W', both the accused persons intimidated 'B' by threatening to cause death and fled away from the place of incident. 'B' immediately went to Bichiya hospital Rewa along with 'W' and after discharge from the hospital on 04-12-2020 'B' with plaster in his right arm and bandage over his head along with 'W' went to city kotwali Rewa and lodged the report. There by police registered a case under crime no. 946/20, witnesses were examined, accompanied by the informant and victim, site plan was prepared and on obtaining MLC from the bichiya hospital Rewa, it was found that 'W' sustained simple injuries and 'B' sustained grievous injuries caused by hard and blunt object. Accused A1 and A2 were arrested, Lathi's were also seized from them and after completion of investigation charge sheet against A1 and A2 was filed.

Defence plea

Both the accused persons advanced defence that complainant has grudge because they are prohibiting complainant from draining water in their open plot. Complainant and his wife fell down from motorcycle and lodged a false complaint to take advantage of the situation.

Prosecution evidence

Prosecution has examined as many as 5 witnesses. In

examination in chief 'B' (PW1) stated that on the date and time of incident the accused A1 and A2 entered into his house and assaulted him over right arm and right side on the head with lathi's and when his wife 'W' (PW2) tried to save him both the accused persons also gave lathi blows to 'W'. When his family members and neighbours came and shouted over to accused A1 and A2, they fled away from the spot of incident. The report filed by him is EXP1 and spot map prepared before him is EXP2. He remained admitted in hospital for 3 days because his right arm was fractured. In cross examination 'B' (PW1) has denied the suggestion of defence that he has sustained injuries from fall by the motorcycle.

Another injured witness 'W' (PW2) also supported the prosecution version to the extent of B's (PW1) prosecution case.

Prosecution witness 'R' (PW3) who is real brother of 'B' has supported the prosecution version to the extent of B's prosecution case.

Doctor 'D' (PW4) also corroborated the version of 'B' and 'W' by proving their MLC report exhibit P3 and P4, X-Ray report of 'B' EXP5 and X-Ray plate & article A1 and A2 with minor variation that injuries on 'W' was on right arm and right leg.

Investigating officer 'I' (PW5) has supported all the proceedings done by him in the course of investigation.

Evidence for defence

Accused persons have denied all the inculpatory circumstances put to them in examination under section 313 Cr.P.C. Accused persons examined his neighbour 'N' who deposed that the plot of A1 is beside the house of 'B' and all the water from his drainage is collecting in the plot making it a marsh land. A1 and A2 who are father and son requested 'B' many times to make arrangement for the drainage but instead of this 'B' who is a well-to-do person and a Municipal officer has lodged a false report against A1 and A2. 'B' has recently purchased a new motorcycle

and he is unable to drive it and had fallen from the motorcycle and sustained various injuries.

Argument for prosecution

Prosecution has established the case fully. There is no ground in existence to disbelieve the testimony of victims. Both accused persons are liable to be convicted for their acts.

Argument for defence

There is variation in medical and ocular evidence. No independent witness has been examined by prosecution and there is considerable unexplained delay in lodging FIR. The story of prosecution is false because 30 November 2020 was a public holiday (Kartik Poornima Gurunank Jayanti) hence no question of coming from the office by complainant arises. The standard of their defence is of preponderance of probability so they are entitled to be exonerated from the charges with which they are subjected to trial.

नीचे दिये गये अभियोजन के मामले के आधार पर आरोप विरचित करें तथा नीचे दिये गये तथ्यों, साक्ष्य व तर्कों के आधार पर विचारणीय बिन्दु बनाकर, एक सकारण निर्णय लिखिये –

अभियोजन का प्रकरण

दिनांक 04.12.2020 को सुबह करीब 08:00 बजे सूचनाकर्ता 'बी' ने आरक्षी केन्द्र सिटी कोतवाली रीवा में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट इस आशय की लिखाई कि वह ग्राम खौरकोटी अंतर्गत थाना सिटी कोतवाली रीवा का रहने वाला है। दिनांक 30.11.2020 को शाम तकरीबन 07:00 बजे जब वह अपने कार्यालय से आकर अपने ड्राईंग रूम में आराम कर रहा था तो अभियुक्त ए1 एवं ए2 उनके प्लाट में उसकी खुली हुई नाली को लेकर गाली गलौंच करने लगे। जब 'बी' बाहर आकर देखा कि बाहर क्या हो रहा है तो अभियुक्त ए1 एवं ए2 'बी' का पीछा करते हुए घर के अंदर घुस आये एवं 'बी' पर लाठीयों से हमला किया जिस कारण 'बी' के सिर एवं दांयी भुजा पर रक्तश्रावयुक्त उपहतियां पहुंची। जब 'बी' की पत्नी 'डब्ल्यू' ने बचाव करने का प्रयत्न किया तो अभियुक्त ए1 एवं ए2 ने 'डब्ल्यू' को भी लाठियों से चोंटे पहुंचाई जिसके कारण उसे बांयी भुजा एवं दांये पैर में रक्तश्रावयुक्त उपहतियां कारित हुई। जब 'बी' के परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी आये और 'बी' और 'डब्ल्यू' को बचाने के लिए चिल्लाये तो दोनों अभियुक्तों ने 'बी' को जान से मारने की धमकी देकर अभित्रस्त किया और घटना स्थल से भाग गये। 'बी' अपनी पत्नी सहित बिछिया

अस्पताल रीवा गया एवं दिनांक 04.12.2020 को अपने दांये भुजा में प्लास्टर, सिर में पट्टी के साथ रिपोर्ट लिखाने हेतु सिटी कोतवाली रीवा गया एवं रिपोर्ट लेख कराई। पुलिस द्वारा अपराध कमांक 946/20 के रूप में दर्ज कर साक्षियों का परीक्षण किया एवं शिकायतकर्ता एवं आहत को ले जाकर घटनास्थल का नक्शा तैयार किया। बिछिया अस्पताल से एम.एल.सी. रिपोर्ट प्राप्त होने पर ज्ञात हुआ कि 'डब्ल्यू' के शरीर में साधारण उपहतिया एवं 'बी' को कठोर एवं भोंथरी वस्तु से गंभीर उपहतिया कारित हुई है। अभियुक्त ए1 एवं ए2 को गिरफ्तार किया गया, उनके पास से लाठियां जप्त की गईं एवं अन्वेषण पूर्ण होने के पश्चात् अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्रतिरक्षा अभिवाक्

अभियुक्तगण का बचाव है कि फरियादी उनसे रंजिश रखता है, क्योंकि वह फरियादी के घर से निकलने वाले नाली के पानी को अपने प्लाट में आने के लिए मना करते है। फरियादी एवं उसकी पत्नी मोटरसायकिल से गिर गये हैं, एवं इन्हीं परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए अभियुक्तगण के विरूद्ध झूंठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

अभियोजन साक्ष्य

अभियोजन द्वारा 5 साक्षियों की साक्ष्य कराई गई हैं। फरियादी 'बी' (अ.सा.1) ने अपने मुख्य परीक्षण में कहा कि घटना दिनांक व समय पर अभियुक्त ए1 एवं ए2 उसके मकान के अंदर घुस आये और उसकी दांयी भुजा एवं सिर पर दांये तरफ लाठियों से हमला किया। जब उसकी पत्नी 'डब्ल्यू' (अ.सा.2) ने उसे बचाने के लिए प्रयास किया तो दोनों अभियुक्त व्यक्तियों ने 'डब्ल्यू' पर भी लाठियों से वार किये। जब फरियादी के परिवार के सदस्य और पड़ोसी आये एवं अभियुक्तगण ए1 एवं ए2 पर चिल्लाये तो ए1 और ए2 घटनास्थल से भाग गये। फरियादी द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट प्र0पी01 है, तथा उसके बताये अनुसार तैयार किया गया नक्शा मौका प्र0पी02 है। वह तीन दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा एवं उसका दाहिना हांथ फैक्चर हो गया था। प्रतिपरीक्षण में 'बी' द्वारा बचाव पक्ष के इस सुझाव से इनकार किया गया है कि उसे चोंटे गिरने से आई हैं।

अन्य आहत साक्षी 'डब्ल्यू' (अ.सा.2) द्वारा बी (अ.सा.1) के अनुसार बताये हुए अभियोजन के मामले की सीमा तक समर्थन किया है।

अभियोजन साक्षी 'आर' (अ.सा.3) जो बी का सगा भाई है, ने भी 'बी' अनुसार बताये हुए अभियोजन के मामले की सीमा तक समर्थन किया है।

डॉक्टर 'डी' (अ.सा.4) ने भी 'बी' एवं 'डब्ल्यू' के कथनों का उनकी चिकित्सीय परीक्षण रिपोर्ट प्र0पी03, प्र0पी04, बी की एक्स–रे रिपोर्ट प्र0पी05 एवं एक्स–रे प्लेटस आर्टिकल ए1 और ए2 को इस विसंगती के साथ प्रमाणित किया है कि 'डब्ल्यू' को दाहिने हांथ एवं दाहिने पैर में ही चोंट आईं थी।

विवेचना अधिकारी आई (अ.सा.5) ने विवेचना के दौरान उसके द्वारा की गई

समस्त कार्यवाहियों का समर्थन किया है।

प्रतिरक्षा साक्ष्य

अभियुक्तगण द्वारा धारा 313 द.प्र.स. के परीक्षण के अंतर्गत उनके विरूद्ध दोषिता को प्रमाणित करने वाली परिस्थितियों से पूर्णतः इनकार किया है तथा अपने पक्ष समर्थन में पड़ोसी 'एन' के कथन कराये हैं, जिसके द्वारा अभिकथन किया गया है कि ए1 के प्लाट के बगल में ही 'बी' का घर है एवं 'बी' के घर से नाली का पानी ए1 के प्लॉट में ठहरता है, जिससे वह दलदल हुआ जा रहा है। ए1 एवं ए2 पिता पुत्र हैं, जिनके द्वारा कई बार 'बी' से निवेदन किया गया कि वो पानी के निकलने की समुचित व्यवस्था कर लें, किन्तु 'बी' जो स्वयं एक म्युनिसिपल अधिकारी है, ने ए1 एवं ए2 के विरूद्ध झूंठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। 'बी' ने अभी नई नई मोटरसायकल ली है एवं वह उसे चलाना नहीं जानता और मोटरसायकल से वह गिर गया तथा उसी से उसे कई चोंटे आईं हैं।

अभियोजन का तर्क

अभियोजन ने अपना मामला पूरी तरह साबित किया है। पीड़ितों की साक्ष्य पर अविश्वास किये जाने का कोई कारण नहीं हैं। अतः दोनों अभियुक्तगण को उनके कृत्य हेतु दोषसिद्ध किया जायें।

प्रतिरक्षा में तर्क

मेडिकल एवं चक्षुदर्शी साक्षियों के साक्ष्य में भिन्नता है। अभियोजन द्वारा किसी भी स्वतंत्र साक्षी को परीक्षित नहीं किया गया है तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कराए जाने में अस्पष्ट विलम्ब है। अभियोजन की कथा पूर्णतः झूंठी है, क्योंकि दिनांक 30.11.2020 को (कार्तिक पूर्णिमा गुरूनानक जयंती की) छुट्टी थी, अतः फरियादी के द्वारा अपने कार्यालय से आने का प्रश्न ही नहीं उठता है। उनके बचाव का स्तर संभाव्यताओं की अधिसंभावना का है। अतः वे विचारण के सभी आरोपित अपराधों से दोषमुक्ती के हकदार हैं।

****